# कार्यालय, प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय, बून्दी

(Phone: 0747-2445415, Fax- 0747-2447923, E-mail Address- pgcbundi@gmail.com, website- https://hte.rajasthan.gov.in/college/gcbundi)

## STATE AWARD NSS (2016-17)



राजस्थान सरकार

कॉलेज शिक्षा विभाग, राजस्थान

राष्ट्रीय सेवा योजना राज्य स्तरीय पुरस्कार (2016-17)

कॉलेज शिक्षा विभाग, राजस्थान के अन्तर्गत संचालित राजकीय एवं निजी महाविद्यालयों में राष्ट्रीय सेवा योजना के क्षेत्र में सत्र 2016-2017 हेतु स्वयंसेवक के रूप में उत्कृष्ट कार्य करने के उपलक्ष्य में श्री मिथलेश कुमार मीणा, राजकीय महाविद्यालय, बूँदी को राष्ट्रीय सेवा योजना राज्य स्तरीय पुरस्कार 2016-17 प्रदान किया जाता है। हम आशा करते हैं कि आपके द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना के अन्तर्गत भविष्य में भी अभिनव प्रतिमान स्थापित किए जाएंगे।

दिनांक : 7 मार्च, 2018

(आशुतोष ए.टी. पेडणेकर)
आयुक्त, कॉलेज शिक्षा
एवं शासन सचिव उच्च शिक्षा
राजस्थान सरकार, जयपुर




z

Principal

प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय
बून्दी (राज०)

Government College, Bundi

# Arjun Drishti Krida & Khelkood Program
# State Level Kabaddi Winner (Man) 2019-20



प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय
बून्दी (राज०)

# कार्यालय प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय, बूंदी (राजस्थान)

Phone: 0747-2445415, Fax- 0747-2447923, E-mail Address- pgcbundi@yahoo.com, website-www.gcb.edu.in

क्रमांक : जीसीबी/संस्था/2018–19/2153

दिनांक 4-6-19

श्रीमान् आयुक्त महोदय,
आयुक्तालय, कॉलेज शिक्षा, राजस्थान
जयपुर।

**विषय :– अर्जुन दृष्टि क्रीडा एवं खेलकूद कार्यक्रम के सम्बन्ध मे।**
**संदर्भ :– आपका पत्र क्रमांक CCE/P&C/ISDC/Arjun Drishti/2019/815** दिनांक 28.05.2019

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत संदर्भित पत्र के क्रम मे निवेदन है कि आयुक्तालय के अर्जुन दृष्टि क्रीडा एवं खेलकूद **कार्यक्रम के अन्तर्गत महाविद्यालय की खेल समिति द्वारा विद्यार्थियो की क्षेत्रीय अभिरुचि एवं प्रदर्शन के आधार पर** **<u>हैण्डबॉल तथा सॉफ्टबॉल</u> खेलो का चयन किया गया है।** इस सम्बन्ध मे आयुक्तालय के निर्देशानुसार विस्तृत प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है।

श्रीमान् के अवलोकनार्थ महाविद्यालय मे खेल गतिविधियो की वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत है –

1. सत्र 2018–19 में महाविद्यालय के 14 पुरुष खिलाडियो तथा 09 महिला खिलाडियो (कुल 23) का चयन कोटा विश्वविद्यालय कोटा की विभिन्न खेल टीमो के लिए किया गया। इन सभी खिलाडियो को महाविद्यालय के वार्षिकोत्सव एवं पुरुस्कार वितरण समारोह 2018–19 मे पारितोषिक प्रदान किया गया।
2. सत्र 2018–19 में महाविद्यालय की 14 पुरुष खेल टीमों तथा 05 महिला खेल टीमो ने कोटा विश्वविद्यालय, कोटा की विभिन्न अन्तर महाविद्यालय खेल प्रतियोगिताओं मे भाग लिया तथा महाविद्यालय की टीम हैण्डबॉल पुरुष प्रतियोगिता मे विजेता एवं बास्केटबॉल पुरुष एवं सॉफ्टबॉल पुरुष प्रतियोगिता मे उपविजेता रही। अन्तर्महाविद्यालय एथेलेटिक्स प्रतियोगिता मे महाविद्यालय के पुरुष खिलाडियो ने 200 मीटर दौड मे स्वर्ण पदक तथा 1500 मीटर कास्यपदक अर्जित किया।
3. सत्र 2018–19 में महाविद्यालय के खेल समिति द्वारा दिनांक 14.01.2019 से दिनांक 22.01.2019 तक अन्तर संकाय खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया तथा दिनांक 23.01.2019 को महाविद्यालय मे खेल दिवस का आयोजन किया गया। अन्तर संकाय खेलकूद प्रतियोगिताओं मे वॉलीबॉल, खो–खो, कब्बड्डी, हैण्डबॉल, बास्केटबॉल तथा ट्रेक (पुरुष) प्रतियोगिताओं एवं खो–खो (महिला) प्रतियोगिता का आयोजन किया गया तथा टेबल टेनिस, बैडमिन्टन, केरम तथा शतरंज (पुरुष एवं महिला) प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया। इसी प्रकार खेल दिवस पर विभिन्न ट्रेक एवं फील्ड प्रतियोगिताए (पुरुष एवं महिला) आयोजित की गई। इन प्रतियोगिताओं मे महाविद्यालय के विद्यार्थियो ने बढ चढकर भाग लिया तथा इन खेल प्रतियोगिताओं मे 600 से अधिक नामांकन दर्ज किये गये। इन प्रतियोगिताओं मे भाग लेने वाले छात्र –छात्राओ को अल्पाहार कूपन तथा विजेता एवं उपविजेता खिलाडियो को वार्षिकोत्सव एवं पुरुस्कार वितरण समारोह 2018–19 मे महाविद्यालय द्वारा पारितोषिक वितरण किया गया।
4. सत्र 2018–19 में महाविद्यालय की खेल समिति द्वारा नवगठित राज्य सरकार की 100 दिवसीय कार्य योजना के अन्तर्गत कमरा संख्या 14 मे रिक्रिएशन कक्ष की स्थापना की गई। इस कक्ष मे टेबल टेनिस, शतरंज एवं केरम जैसे इन्डोर खेल खेलने की व्यवस्था की गई है। रिक्रिएशन कक्ष की स्थापना का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियो मे खेलों के प्रति आकर्षण उत्पन्न करना, इन्डोर खेलो को प्रोत्साहित करना, परीक्षाओ एवं पढाई के मानसिक दबाव के बीच विद्यार्थियों को स्वस्थ मनोरंजन का विकल्प प्रदान करना तथा शिक्षको एवं विद्यार्थियो के बीच खेल सम्बन्धों के आधार पर समन्वय स्थापित करना है।

प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय
बून्दी (राज०)

प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय
बून्दी (राज०)

5.3.1

दैनिक भास्कर

कोटा, शनिवार 28 सितंबर, 2019 | 19

## पीजी कॉलेज की विधि राज्यस्तरीय गायन में दूसरे स्थान पर रही



बूंदी. एनएसएस स्थापना दिवस पर आईआईएस विश्वविद्यालय मानसरोवर-जयपुर में 14वीं राज्यस्तरीय देशभक्ति एकल गायन प्रतियोगिता में बूंदी के पीजी कॉलेज की एनएसएस इकाई द्वितीय की छात्रा विधि शर्मा ने भी हिस्सा लिया। विधि ने प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कॉलेज प्रिंसिपल जेके जैन, एनएसएस प्रभारी दिनेशकुमार शुक्ल, छात्रा इकाई प्रभारी डॉ. वंदना आकोदिया ने विधि को बधाई दी।

राजस्थान पत्रिका
दिनांक - 28/09/2019

## बूंदी महाविद्यालय का किया नाम रोशन



बूंदी. जयपुर के मानसरोवर आइआइएस विश्वविद्यालय में एनएसएस के स्थापना दिवस पर 14वीं राज्य स्तरीय देशभक्ति एकल गायन प्रतियोगिता हुई। जिसमें बूंदी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय एनएसएस इकाई-द्वितीय से प्रतिनिधित्व विधि शर्मा ने किया। इसमें विधि ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। बूंदी महाविद्यालय में प्राचार्य जे.के.जैन, प्रभारी दिनेश कुमार शुक्ल व छात्रा इकाई प्रभारी वंदना आकोदिया ने स्वागत किया।

प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय
बून्दी (राज०)

# राष्ट्रीय हैंडबॉल प्रतियोगिता में रजत पदक विजेता कुलदीप को चांदना ने दी बधाई



बूंदी. राजस्थान 50वीं सीनियर नेशनल हैंडबॉल की सीनियर कैटेगरी में राजस्थान को सिल्वर पदक मिला है। प्रतियोगिता सवाई मानसिंह स्टेडियम जयपुर में 20 से 25 मार्च तक हुई।

राजस्थान हैंडबॉल टीम के कोच प्रियदीपसिंह थे। इस टीम में बूंदी के कुलदीप सोयल ने राजस्थान सीनियर नेशनल हैंडबॉल टीम का प्रतिनिधित्व किया। धोवड़ा निवासी कुलदीप सोयल पीजी कॉलेज के बीए फाइनल का छात्र है। कुलदीप को खेल मंत्री अशोक चांदना ने बधाई दी है। इस उपलब्धि पर हैंडबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के महासचिव तेजराजसिंह, राजस्थान हैंडबॉल संघ के मानद सचिव प्रतापसिंह, सुरेंद्रसिंह सोलंकी, शिवराज श्रृंगी ने खुशी जताई है। कुलदीप के बूंदी लौटने पर सतीश गुर्जर, हरीश मीणा, भूपेंद्रसिंह नरूका, जितेश चंदेल, संजय सोयल, गोपाललाल खटीक, बंटी खींची, शाहरुख गौरी, राजेश खोईवाल ने स्वागत किया।

# बूंदी के प्रीतमसिंह हाड़ा को मिला सिल्वर मेडल



बूंदी. राजस्थान जूनियर नेशनल हैंडबॉल की बॉयज कैटेगरी में 19 साल बाद राजस्थान को सिल्वर पदक मिला है। प्रतियोगिता विजयवाड़ा आंध्रप्रदेश में हुई। राजस्थान हैंडबॉल टीम के कोच प्रियदीपसिंह थे। इस टीम में बूंदी के प्रीतमसिंह हाड़ा ने राजस्थान जूनियर नेशनल हैंडबॉल की टीम में प्रतिनिधित्व किया। प्रीतमसिंह राजकीय महाविद्यालय के बीए सैकंड ईयर के छात्र हैं। सिल्वर मैडल मिलने पर हैंडबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के महासचिव डॉ. तेजराजसिंह, राज. हैंडबॉल संघ के मानद सचिव यशप्रतापसिंह, पूर्व जिला खेल अधिकारी सुरेंद्रसिंह सोलंकी, बूंदी हैंडबॉल टीम के कोच चंद्रप्रतापसिंह सोलंकी की ओर से प्रीतमसिंह को शुभकामनाएं दी गई। प्रीतम के बूंदी पहुंचने पर डॉ. राजेंद्रप्रसाद मीणा, डॉ. दिलीपकुमार राठौर व मोहल्लेवासियों की ओर से स्वागत किया गया।